Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 05-10-2021 | अंक 19

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941




### दुर्गा पूजा को लेकर एसडीओ व एसडीपीओ ने अनुमंडल स्तरीय पूजा समिति व प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ किया बैठक

# कोविड गाइड लाइन के तहत ही होगी बरही अनुमंडल में दुर्गा पूजा का आयोजन: पूनम

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

कोविड गाइडलाइन के तहत दुर्गा पूजा मनाने को लेकर मंगलवार को प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीओ पूनम कुजूर एवं संचालन सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने किया। एसडीपीओ नाजिर अख्तर मुख्य रूप से मौजूद रहे। । बैठक में एसडीओ पूनम कुजूर ने कोविड गाइड लाइन का हवाला देते हुए कहा कि कोविड का खतरा अभी टला नहीं है । इसलिए सावधानी बरतनी जरूरी है।। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर सरकार की गाइ. डलाइन के अनुसार ही पूजा अर्चना की जाएगी। । दुर्गा पूजा पंडाल, मंडप को चारों तरफ से बैरिकेडिग करना जरूरी होगा। पूजा पंडाल, मंडप के आसपास के क्षेत्र में प्रकाश द्वारा कोई सजावट नहीं की जाएगी। सुरक्षा और सुरक्षा के उद्देश्य के लिए आवश्यक प्रकाश की अनुमति है। पूजा पंडाल, मंडप में और उसके आस–पास स्वागत द्वार, तोरण द्वार नहीं बनाए जाएंगे। मूर्ति का आकार पांच फीट से अधिक नहीं होना चाहिए। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध है। इस अवसर पर कोई मेला आयोजित नहीं किया जाएगा। पंडाल, मंडप में और उसके आसपास कोई भी फूड स्टॉल या मेला नहीं लगेगा। बैठक में एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण आपसी सद्भाव के साथ मनाये जाने की अपील की। उन्होंने पूजा पण्डाल आयोजकों को हर पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाने, पंडाल के लिए अग्निशामक, बिजली व पीडब्ल्यूडी विभाग से एनओसी लेते हुए थाना को सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी पूजा समिति अपने अपने वॉलिंटियर्स अवश्य रखें। उन्होंने सभी थानों को असमाजिक तत्वों व साम्प्रदायिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट को लेकर सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बरकट्ठा बीडीओ कृतिबाला लकड़ा, चौपारण बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, पुनि सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेन्द्र महतो, गोरहर थाना प्रभारी अरुण कुमार, पदमा ओपी थाना प्रभारी अजित कुमार, डॉ निजामुद्दीन अंसारी, रमेश ठाकुर, अब्दुल मनान वारसी, सिकन्दर निषाद, बलराम केशरी, रघुनन्दन गोप, बिनोद कुमार, शिवा निषाद, महेश प्रसाद केशरी, अभिमन्यु प्रसाद भगत, समशेर आलम, अनिल कुमार पांडेय,कृष्ण कुमार पांडेय, नीरज ठाकुर, छोटेलाल चंद्रवंशी, सुनील प्रसाद, महेश प्रसाद, अर. विंद कुमार मेहता, बीरेंद्र कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, गुरुदेव गुप्ता, दुर्गा पूजा समिति धनबाद रोड अध्यक्ष अमित जायसवाल, बीरेंद्र कुमार यादव, लखन कुमार ठाकुर, महेश प्रसाद केशरी, दीपक कुमार, अवधेश सिंह, नागेश्वर ठाकुर, छोटन स्वर्णकार, बीरेंद्र कुमार राज, विजैया प्रधान दसरथ यादव, अर्जुन यादव, राज कुमार सहित पूजा समिति के लोग मौजूद थे।



शांति समिति की बैठक में शामिल अधिकारी एवं पूजा समिति के लोग

### प्रखंड मुख्यालय की तालाबंदी कर अपनी कमी छिपाने के लिए कोनरा की जनता को गुमराह कर रहे है मुखिया : सैरा खातून

# सरकारी काम मे बाधा पहुंचाने को लेकर केश करने की मांग, कोनरा की जनता को किया आगाह

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

कोनरा पंचायत के मुखिया एवं उनकी पत्नी की अगुवाई में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के मुख्य गेट का तालाबंद कर सरकारी कामकाज बाधित करने के मामले में कोनरा पंचायत के ही मुखिया प्रत्याशी सैरा खातून ने पूरे प्रकरण को ड्रामा करार देते हुए उनके खिलाफ सरकारी केश करने की मांग की है। इस मामले में वर्तमान मुखिया मो ताजउदीन पर सवाल करते हुए सैरा खातून ने कहा कि दिनांक 4 अक्टूबर को कोनरा पंचायत के मुखिया के द्वारा कोनरा के लोगों को गुमराह करने के उद्देश्य से बरही प्रखंड कार्यालय में जो तालाबंदी किया गया है ,उसकी मैं कड़ी निंदा करती हूं ।10 वर्षों से लगातार कोनरा के लोगों ने अपना बहुमूल्य मत देकर इन्हें जिताया और इनको मुखिया बनाया। वर्तमान मुखिया सार्वजनिक करें कि इन्होंने विगत 10 वर्षों में कितने लोगों को इंदिरा आवास दिलवाया, कितने लोगों को विधवा पेंशन दिलवाया। राशन कार्ड बनवाया ,अब जब चुनाव का समय आ गया है । तब इनकी नींद खुली है । इनके द्वारा किया गया तालाबंदी कार्य से कोनरा पंचायत शर्मसार हुआ है। प्रखंड कार्यालय में किसी भी तरह की अनियमितता होती है तो उसके लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया है (धरना प्रदर्शन) ना की तालाबंदी । यह सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का कार्य है। मैं मांग करती हूं की वर्तमान कोनरा मुखिया के ऊपर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का केस हो। सैरा खातून ने कोनरा की जनता को आगाह करते हुए कहा कि जिन्हें आप 10 साल प्रतिनिधित्व का मौका दिया। उन्होंने कोनरा के लिए कुछ विकास नही किया। अपनी कमी छिपाने के लिए अलोकतांत्रिक तरीका का सहारा ले रहा है। जिसे समझने की जरूरत है।



मुखिया प्रत्याशी सैरा खातून

### मलकोको में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, जीप प्रतिनिधि मो कयुम ने किया उदघाटन

# चतरो ने मलकोको को 4 रनों से हराया

**अपेम लाइव बरही:**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के गोहमोदवा टांड मैदान मे एसएसवाईसी क्लब के सौजन्य से मलकोको क्रिकेट लीग (क्रिकेट टूर्नामेंट) का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम, मुखिया विजय यादव, एवं जिप प्रत्यासी किसुन यादव ने फीता काटकर व बैटिंग कर विधिवत उद्घाटन किया। मैच मलकोको और चतरो के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चतरो की टीम ने 14 ओवर में 74 रन बनाए वही मलको. को की टीम 70 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। चतरो 4 रन से विजय हासिल किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में किशन यादव, दिनेश यादव, अनुज यादव, सूरज दास, मुकेश कुमार, रंजीत यादव, अरविंद कुमार, पंचायत समिति सदस्य सुलेमान अंसारी, सुरेश यादव, केदार राणा, हीरालाल राणा, विजय राणा, गुलाब दास, मुस्ताक अंसारी, शंकर दास, कुर्बान अंसारी, छतरु यादव, हाजी जफर, मुस्तकीम अंसारी आदि उपस्थित रहे।



मैच का उद्घाटन करते अतिथिगण

### बरही थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर प्रतिबंध

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर थाना प्रभारी पुनि नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई । इस बैठक में उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में दुर्गा पूजा का आयोजन कोविड गाइड लाइन तहत करना है। प्राप्त निर्देश के अनुसार माता दुर्गा की प्रतिमा 5 फ़ीट से अधिक ऊंची नही चाहिए। दर्शन के लिए एक साथ सिर्फ 25 लोगो को अनुमति दिया गया है। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को कोविड के कारण पूजा में शामिल होने की इजाजत नही होगी। रावण दहन नही होना है, किसी भी प्रकार का अनावश्यक भीड़ भाड़ नही लगाना है। डी जे पर पूरी तरह प्रतिबंध है।। किस भी प्रकार का सामूहिक कार्यक्रम नही करना है। पूजा पंडाल में कम से कम 4 सीसीटीवी कैमेरा लगाना है । जिससे लोगो के गतिविधियों पर ध्यान रखा जा सके। मोके पर एस आई घनश्याम कुमार, एस आई दिनेश कुमार, ए एस आई सुनील तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, सिकंदर निषाद, पप्पू केशरी, इक़बाल रजा, नागेश्वर रजक,टिंकू केशरी, संतोष प्रजा. पति, मनोज रविदास, विकाश कुमार यादव, बद्री साव, हीरामन साव, बीरेंद्र कुमार, मो ताजुद्दीन, रिजवान अली एवं अन्य लोग शामिल रहे।



शांति समिति की बैठक में शामिल लोग


**अपेम लाइव न्यूज़ में खबरें प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करे।**

**संपर्क सूत्र**

**7004315535, 9550809864, 9431129570**






डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार   सहयोगी: सोनू पंडित, धनंजय कुमार   एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति   मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

दिनांक: 05-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 02


## बरकट्ठा में विपक्षी दलों ने योगी सरकार का किया पुतला दहन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार/मानव राज सिंह**




पुतला दहन करते कांग्रेसी

विपक्षी दलों ने प्रखंड मुख्यालय समीप उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों के ऊपर गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा के द्वारा किसानों के ऊपर गाड़ी से रौंदकर सामूहिक हत्या के विरोध में यूपी मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। मौके पर वक्ताओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी को तुरंत बर्खास्त करने और उनके विरुद्ध हिंसा उकसाने ओर सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग की इसके अलावा मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा मोनू और उसके साथियों गुंडों पर तुरंत 302 हत्या का मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। वारदात को जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी से कराने संवैधानिक पद रहते हुए हिंसा के उकसाने के दोषी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को बर्खास्त करने व शहीद परिवारों को एक एक करोड़ मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की गई। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, भाकपा माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, भाकपा प्रखंड सचिव आनंद पांडेय, कांग्रेस वरिष्ठ नेता मणिलाल चौधरी, संतोष कु0 देव, भुनेश्वर रविदास, सरफराज खान, सज्जाद अंसारी, जैनुल अंसारी, महेश पासवान, हैदर अंसारी, किशुन मोदी, मिनहाज अंसारी, सफीक अंसारी, अजीत पांडेय, दीपक कुमार, भुनेश्वर दास आदि लोग थे।

## वाहन मालिक वसूल रहे है मनमानी किराया, नहीं है कोई देखने वाला

### ग्रामीणों ने अधिकारियों से वाहन में तय भाड़ा लागू करने की अपील की

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**




प्रखंड में चलने वाले निजी सवारी गाड़ी मनमानी भाड़ा वसूली कर रहे हैं। इसमें अश्वटो, बस शामिल हैं। फिलहाल कहा जाए तो वाहन मालिकों द्वारा मनमानी चरम सीमा पर है। बताया जाता है की लाकडाउन से पूर्व 25 रुपया भाड़ा लिया जाता था , अब वही दोगुना 50 रुपया लिया जाता है। बरकट्ठा से बरही की दूरी 25 किलोमीटर पहले भाड़ा 25 रुपया था लेकिन अब 50 रुपया लिया जाता हैं, वही बरकट्ठा से बगा. `दर की दूरी 25 किलोमीटर है लक्ष्कडाउन से पूर्व 25 लिया जाता था, बरकट्ठा से अटका की दूरी 12 किलोमीटर है लक्ष्क डाउन पूर्व 15 रुपया लिया जाता था, अब 30 रुपया लिया जा रहा है। इनदिनों ग्रामीणों को सफर करने में काफी फजीहत झेलना पड़ रहा है। यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए अधिक भाड़ा देना पड़ रहा है। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों में जिलाधिकारी, प्रखण्ड अधिकारी, एंव परिवहन विभाग से काफ़ी नाराजगी देखा जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात दिलवाने की मांग को लेकर आश लगाए बैठे है। जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद भी निजी वाहन द्वारा खुलकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। तय दर से डेढ़ गुणा से अधिक भाड़ा वसूला जा रहा है। जिनको रोकने–टोकने वाला कोई नहीं है। मजबूरन लोगों को तय कीमत से अधिक भाड़ा देकर सफर करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मनमानी का आरोप लगाते हुवे कहा की एक तरफ कोरोना के महामारी से आर्थिक हालात डगमगाया हुआ है , वही दूसरी तरफ बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र में सवारी गाड़ी के द्वारा मनमाना भाड़ा वसूलने में लगे है। जिससे कारण सफर करने वाले लोग काफ़ी परेशान है। साथ ही क्षेत्र के दुकानदार का कहना की सवारी गाड़ी सभी दुकानदार से अन्य क्षेत्रों के अपेक्षा अधिक भाड़ा लिया जाता है। जिसका मुआवजा क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। ग्रामीणों ने गाड़ी मा. लिकों पर यह भी आरोप लगाया है की जब जब डीजल का दाम बढ़ता है तब तब मन. मानी भाड़ा बढ़ा दिया जाता है और जब डीजल का कीमत घटता है तब गाड़ी का भाड़ा नही घटाया जाता है। जो ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से ध्यान आकृष्ट कराते हुवे कहा की तय भाड़ा लागू करने की अपील की।

## 7 अक्टूबर से होगा आरसीपीएल का रंगारंग आगाज

### पूर्व विधायक मनोज यादव सहित कई दिग्गज उदघाटन समारोह का बनेंगे साक्षी

**अपेम लाइव:चौपारण**
**किशोर राणा**



पूर्व विधायक मनोज यादव व अन्य

पिछले 9 वर्षो से दुर्गा पूजा के अवसर पर रामपुर में आयोजित होने वाला रामपुर सर्किल रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगा. रंग शुभारंभ आगमी 9 अक्टूबर को होने जा रहा है। आयोजको ने बताया कि तैयारी लगभग लगभग पूरा कर लिया गया है। बताया इस वर्ष आकर्षक का केंद्र मैदान के चारो ओर लगा बडा टीवी स्क्रीन होगा। मैच का लाइव प्रसारण किया जाएगा। प्रतियोगिता के शुभरम्भ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व अन्य गणमान्य लोगों की उप. स्थिति में होगा। बताया प्रतियोगिता में मात्र 16 टीमो को लिया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने मे अध्यक्ष शिवशंकर पंडित, सचिव अशोक राणा, कोषाध्यक्ष राजू टेस्टर, प्रबंधक बलभद्र राम, उपाध्यक्ष विनय सिंह, उप सचिव सुनील सिंह, उप प्रबंधक रणवीर चौधरी उप कोषाध्यक्ष धर्मवीर, संचालक शशिकांत शर्मा आदि महती भूमिका निभा रहे है।

## गोरहर थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**




शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग

गोरहर थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समिति व शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ कृतिबाला लकड़ा व संचालन थाना प्रभारी अरुण कुमार ने की।जहां दुर्गा पूजा को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के बारे में बताया गया।मौके पर गोरहर मुखिया बड़की देवी, मुखिया गुड्डी देवी,नरेंद्र सिंह, रोहित तिवारी, बासुदेव महतो, शशिकांत पांडेय, जगदीश राम, राजकुमार नायक, निजाम अंसारी,राजकुमार गिरी,सुरेश कुमार पांडेय, जागेश्वर पांडेय, किशुन हांसदा,लोकनाथ राणा, कुदुश अंसारी,बेल. कपी पूजा समिति अध्यक्ष शशिकांत पांडेय, बड़की देवी, रामटहल महतो, कुंजलाल महतो, शेर मांझी,खिरो महतो, राजकुमार महतो,जगदीश राम,शफीक अंसारी,राजन कुमार चौधरी समेत थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## कोनरा पंचायत के ग्राम बेराहिल में विधिक जागरूकता शिवीर का आयोजन

### आजादी के 75 वां वार्षिक अमृत महोत्सव के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह न्यायालय द्वारा विधिक जागरूकता अभियान जारी

**अपेम लाइव बरहीः**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




जागरूकता शिविर में उपस्थित अधिकारी व ग्रामीण

आजादी के 75 वां वार्षिक अमृत महोत्सव के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह न्यायालय द्वारा विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को बरही के कोनरा पंचायत अंतर्गत बेराहिल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मिलने वाली कानूनी सुविधाओं की जानकारी दी गई। । पैनल अधिवक्ता बा. सुदेव राणा ने बताया की अगर कोई व्यक्ति अपने माता पिता का भरण पोषण नही करते है तो ऐसी स्थिति में माता पिता उस बेटे या बेटी को अपने सम्पति से बेदखल कर सकते है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा देना माता–पिता का परम कर्तव्य है लेकिन माता पिता के वृद्ध अवस्था मे बच्चों को भी चाहिए कि उनका भरण पोषण करे, नही करने पर माता पिता को विधिक सहायता लेने में संकोच नही किया जाना चाहिए। मौके पर पैनल लॉयर बासुदेव राणा, डीएलएसए पीएलवी पंकज कुमार एवं चौपारण पीएलवी हरेंद्र कुमार राणा सहित सकीला खातून, मिस्टर अंसारी, सबीना प्रवीण, नुरेशा प्रवीण, अजमेरी खातून, ननकी खातून, सलमा खातून, जुबैदा खातून, रेशमा खातून, जमीला खातून, सबीना प्रवीण, जायदा खातून सहित दर्जनों महिला–पुरुष उपस्थित थे।

## वर्षो से खराब पड़े चापाकल को पूर्व मुखिया व समाजसेवी टिंकू केशरी ने कराया ठीक

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित**



चापाकल ठीक कराते टिंकू

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में स्थित बजरंगबली मंदिर के चापाकल पिछले कई सालों से खराब पड़ा हुआ था। जिसे पूर्व मुखिया मनोज कुमार एवं युवा समाजसेवी टिंकू केशरी के द्वारा ठीक कराया गया। मोके पर सकलदेव शर्मा, रंजीत शर्मा, गुड्ड बाबू, दीपक सोनी, राजा केशरी, पवन केशरी, अभिषेक जयसवाल आदि मौजूद थे।

## माता वैष्णो देवी के लिए रवाना हुए समाजसेवी किशुन यादव

**अपेम लाइव बरही**



मंदिर में पूजा करते हुए

बरही प्रखंड अंतर्गत बेलादोहर निवासी एवं बरही से पूर्वी भावी जीप उम्मीदवार किशुन यादव ने अपने गांव जाकर अपने से बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया साथ ही साथ अपने गांव के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना किया जहाँ से वैष्णो देवी के लिए रवाना हुए। मोके पर नरेश यादव, उदय यादव, अशोक यादव, पवन यादव, सोनु कुमार यादव, सकलदेव यादव, सरिता देवी, गुड़िया देवी, सुगिया देवी एवं ललिया देवी मुख्य रूप से शामिल रहे।


## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी,
कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



निवेदिका :– कैशर प्रवीण



डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सदर विधायक प्रतिनिधि ने लोहसिंघना थाना के नए प्रभारी का किया स्वागत

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



नए थाना प्रभारी का स्वागत करते विधायक प्रतिनिधि

हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के लोहसिंघना थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में अरविंद कुमार सिंह ने अपना योगदान दिया। मंगलवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार ने सदर थाना परिसर में सदर इंस्पेक्टर गणेश कुमार सिंह की मौजूदगी में लोहसिंघना थाना के नए प्रभारी अरविंद कुमार सिंह का पुष्पगुच्छ भेंटकर कर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में अभिनंदन किया। विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार ने बताया कि अरविंद कुमार सिंह इससे पूर्व सदर विधानसभा क्षेत्र के कोर्रा थाना में भी अपना योगदान दे चुके हैं। मौके पर विशेष रुप से सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, ओरिया पंचायत के मुखिया दिलीप पासवान, रंजीत गोप सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे ।

APEM LIVE

## सदर विधायक के प्रयास से निःशक्त वृद्ध को मिला ट्राइसाइकिल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



ट्राईसाइकिल के साथ वृद्ध

हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम क्षेत्र स्थित वार्ड संख्या 34 अवस्थित हुडहुडू मुहल्ला निवासी एक निःशक्त वृद्ध अशोक वर्मा ने बीते दिनों सदर विधायक मनीष जायसवाल से अपनी व्यथा सुनाई और उनसे ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने की मांग की। विधायक मनीष जायसवाल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए विगत 10 सितंबर 2021 को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सदर हजारीबाग से इनके दयनीय स्थिति को देखते हुए सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए इन्हें ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने हेतु एक पत्र लिखा। तत्पश्चात मंगलवार को इस निःशक्त वृद्ध व्यक्ति को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग द्वारा ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराया गया। निःशक्त वृद्ध व्यक्ति ने विधायक मनीष जायसवाल के प्रति आभार जताया और धन्यवाद दिया।

APEM LIVE

## दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**सुनील कुमार**




शांति समिति के बैठक में उपस्थित लोग

बरकट्ठा थाना परिसर में दुर्गापूजा त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक नलिनी मरांडी और संचालन थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार महतो ने किया। बैठक में दुर्गापूजा त्योहार को शांति रुप से मनाने की अपील की गई। कहा गया कि कोविड 19 का पालन करने, भीड़भाड़ और जुलूस के आयोजन पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई गई है। बैठक में पुजा समितियों को सख्त निर्देश दिया गया है। पंडाल के लिए फायर ब्रिगेड बिजली विभाग और पीएचडी विभाग से एनओसी लेना होगा। किसी भी प्रकार के रिकार्डिंग रिकoर्डिंग गाना बजाने और सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगाया गया है। बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव,गोपाल प्रसाद, रामखेलावन यादव,महेश मंडल, राजकुमार मंडल,ज्ञानी प्रसाद, कुलदीप प्रासद,रामेश्वर प्रसाद,गोपी प्रासद, रामदेव यादव, द्वारिका सिंह,सुरेश प्रजापति, काली यादव, प्रदीप प्रसाद,समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### आज का पचिंाड्ग-

आज का अंग्रेजी दिनांक:---06.10.2021

शुभसंवत् :---2078(आनंद)

शके:---1943

याम्यायन सौम्यगोलेरु

ऋतु:---शरद

माह:---अश्विन

पक्ष:--कृष्ण पक्ष

तिथि:---अमावस्या तिथि

दिन:---बुधवार

नक्षत्र:---हस्त नक्षत्र

योग:---ब्रह्म

करण:---कि

सूर्योदय :---प्रातः 06:10

सूर्यास्त : संध्या 05:50

सूर्य :---कन्या राशि में

चंद्रमा :---कन्या राशि में

आज का राहूकाल दिन:---12:00 बजे से दिन:---01:30 बजे तक

अभिजीत मुहूर्त:---दोपहर 11:36 से 12रु24 तक

(नोट:---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)



आलेख:---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## ग्रामीणों की आस मनरेगा से विकास को गति देने के लिए मंगल बाजार में निकाला गया जागरूकता रैली

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**

**राजू यादव**




जागरूकता रैली मैं शामिल ग्रामीण

ग्रामीणों की आस-मनरेगा से विकास अभियान के तहत मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय से लेकर मंगल बाजार तक जागरूकता रैली निकाला गया। इस अभियान में मनरेगा योजना के तहत काम कर रहे लोग और महिला मेट शामिल हुए। रैली में शामिल लोगों ने मनरेगा का पैगाम-हर हाथ को मिले काम, गांव छोड़कर शहर नहीं जायेंगें-रोजगार गारंटी से गांव बसायेंगे का नारा लगाया। जागरूकता रैली में शामिल बीडीओ शाईनी तिग्गा और बीपीओ राज मोहन वर्मा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मनरेगा के तहत अधिक से अधिक लोगों और खासकर महिला भागीदारी में वृद्धि करना है। अधिक से अधिक लोगों को मनरेगा से जुडने की बात कही गई। रैली में मुख्य रूप से रामप्रसाद कुशवाहा, महेश अग्रवाल, उपेंद्र पांडेय, संतोष राम, अरुण रवि, नेमचंद कुमार, दीपक कुमार, निरंजन कुमार, सुरेश रजक, रोहित कुमार, जीतन यादव, सोबरन महतो, अवधेश कुमार, कौलेश्वर कुमार व अन्य शामिल हुए।

## टाटीझरिया में पंचायत समिति सदस्य के लिए 6 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**

**राजू यादव**




टाटीझरिया प्रखंड के 8 पंचायत में से कुल 10 पंचायत समिति सदस्यों में 6 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। इसमें खैरा पंचायत को अनुसूचित जाति अन्य, झरपो पंचायत को अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, भराजो पंचायत को अनुसूचित जाति महिला, डहरभंगा पंचायत को अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, धरमपुर पंचायत को अनारक्षित अन्य, डुमर पूर्वी भाग को अनारक्षित महिला, डुमर पश्चिमी भाग को अनारक्षित अन्य, टाटीझरिया पूर्वी और पश्चिमी दोनों भागों को अनारक्षित महिला एवं बेडम पंचायत को अनुसूचित जनजाति महिला सीट बनाया गया है। इनमें से चुनकर आने वाले प्रखंड प्रमुख पद को अनारक्षित अन्य के लिए आरक्षित किया गया है।

## जयनगर पुलिस ने एक कुआँ से विवाहिता का शव बरामद किया

**अपेम लाइव : कोडरमा**



कुएं में शव को देखते प्रशासन व अन्य

जयनगर थाना क्षेत्र के योगियाटील्हा में सोमवार की सुबह जयनगर पुलिस ने एक कुआ से विवाहिता का शव बरामद किया। विवाहिता की पहचान योगियाटील्हा निवासी उपेन्द्र यादव की पत्नी रेनू देवी 32 वर्ष के रूप में हुई। घटना के बाद मृतिका के ससुराल वाले घर को ताला बंद कर फरार हो गए। जानकारी अनुसार मृतक रेनू देवी 2 अक्टूबर की रात से घर से लापता थी। वही सोमवार की सुबह आसपास के ग्रामीणों ने घर के मात्र 50 फीट की दूरी एक कुएं में उसका शव तैरता हुआ देखा। घटना के बाद आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही एसआई कुमार शिवम, अमित कुमार ने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को कुएं से निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतिका के पति उपेंद्र यादव दो शादी किया है जिसमें रेनू देवी उसकी पहली पत्नी है। वही 3 साल पूर्व दूसरी शादी सरिता देवी के साथ किया था। शादी के बाद पहली पत्नी रेणू देव की दूसरी पत्नी व सास-ससुर एवं ससुराल के अन्य परिजनों के साथ कई साल से आपसी विवाद चलता आ रहता था जिसे ससुराल वालों द्वारा रेणू देवी की काफी प्रताड़ित किया जाता था। इधर घटना के बाद पुलिस ने मृतक के मायके वाले को सूचना दे दिया गया है।

## प्रखण्ड लिपिक के असामयिक निधन पर कर्मियों ने किया शोक व्यक्त

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



प्रखण्ड के लिपिक प्रेमचंद रविदास का मंगलवार की सुबह असामयिक निधन हज़ारीबाग में उनके आवास पर हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही प्रखण्ड व अंचलकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को कार्यालय खुलते ही सीओ सह बीडीओ अरविंद देबाशीष टोप्पो के निर्देश पर शोक सभा का आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन रखकर लोगों ने आत्मा की शांति को लेकर प्रार्थना किया। मौके पर सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि प्रखण्ड लिपिक प्रेमचंद रविदास बड़ा ही हंसमुख व शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके असमय चले जाने से प्रखण्ड के लोगों में गहरा शोक व्याप्त है। शोक व्यक्त करने वालो में बीपीओ परवेज आलम, बीसीओ संजय यादव, बीएओ आजाद सिंह, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, बीपीआरओ सांवना मांझी, प्रशांत कुमार, पोखराज यादव, रामवृक्ष सिंह, प्रभु दयाल, प्रवीण राम, जनसेवक इम्तियाज, समीर खान, सुरेंद्र कुमार, कर्मचारी राजेश कुमार, मोहन, अरुण, हरीश, छोटेलाल, सहोदर, जीवलाल सहित अन्य प्रखण्ड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## विवाहिता ने पति को छोड़कर प्रेमी के संग रचा ली शादी

**अपेम लाइव : कोडरमा**



प्रेमी के साथ विवाहिता

प्यार का रंग इस कदर गहराया कि एक विवाहिता ने पति को छोड़कर प्रेमी के संग शादी रचा ली। मामला मरकच्चो प्रखंड के महुंगाँय पंचायत अंतर्गत ग्राम सोनेडीह गांव से जुड़ा हुआ है। बता दें कि लगभग दो वर्ष पूर्व विवाहिता सिम्पी कुमारी की शादी पंचायत के ग्राम गै़रागी निवासी राजेश यादव के साथ हुई थी। विवाहिता का पति हैदराबाद बाद में मजदूरी करता है। शादी के बाद वह दोनों करीब दो वर्ष तक एक साथ पति पत्नी के रूप में गुजारे। इस बीच गै़रागी गांव से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित सोने डीह गांव के एक युवक अजय यादव से उसका प्रेम हो गया।इस दौरान दोनों के बिच लगातार दूरभाष पर बात चित कर प्यार का इजहार करते रहे। इसी बिच मौके का फायदा उठाकर प्रेमी अजय ने तीन अक्टूबर की रात करीब नौ बजे विवाहिता सिम्पी के ससुराल गै़रागी मिलने के लिए पहुँच गया।इस दौरान दोनों प्रेमी युगल एक कमरे में रात गुज़ार रहा था। जिस कमरे में दोनों प्रेमी युगल रात में ठहरे हुवे थे उस कमरे में विवाहिता अकेली सोती थीं। जिसका फायदा उठा कर दोनों प्रेमी एक साथ मील रहे थे।इसी दौरान विवाहिता की ननद को दोनों को एक साथ रहनें की भनक लग गई।जानकारी के बाद ननद नें अपने घरवालों के साथ साथ आस पास के लोगों को इसकी जानकारी दिया।खबर मिलते ही ग्रामीण इकठ्ठा हुवे और वहाँ पहुचे। ग्रामीणों नें दोनों प्रेमी युगल को रंगे हाँथ पकड़ लिया।ग्रामीणों नें इसकी सुचना मरकच्चो पुलिस को दिया जानकारी के बाद रात्रि करीब दो बजे पुलिस नें दोनों प्रेमी युगल को ग्रामीणों से बरामद अपने साथ थाना ले आई।मामले को लेकर जब पुलिस नें प्रेमिका से पूछ ताछ करनें लगी। इस दौरान प्रेमिका नें पति को छोड़ प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ गई। प्रेमी युगल के प्यार के आगे किसी की नहीं चली।मामले को लेकर थाना परिसर दिन भर दोनों प्रेमी युगल के परिजनों का जमावड़ा लगा रहा वहीं पुलिस नें दोनों पक्षों के बिच शादी को लेकर आम सहमति बनने के बाद एक बान्ड पेपर भरवाकर दोनों प्रेमी युगल को परिजनों को सौंप दिया। अंत में दोनों प्रेमी युगल की शादी प्रखंड मुख्यालय स्थित शंकट मोचन मंदिर में संपन्न कराया गया।दोनों एक दूसरे को वरमाला पहना कर शादी की रश्म को पूरा किया। मौके पर वर वधु के परिजन भी इस शादी में साक्षी के रूप में मौजूद थे। इस तरह के अनोखी शादी को लेकर छेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जगदीशपुर पंचायत से मुखिया उम्मीदवार होंगी नेहा कुमारी

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



नेहा कुमारी

पंचायत वार आरक्षण सूची जारी होने के बाद से लगातार उम्मीदवार अपनी अपनी उम्मीदवारी को लेकर जनता के बीच जाना शुरू कर दिया है। बात जगदीशपुर पंचायत की करे तो पिछले चुनाव में आरक्षित सीट इस बार भी पिछड़ा वर्ग, महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इस बार कई चेहरा जगदीशपुर पंचायत से अपनो दावेदारी पेश किया है। इसी कड़ी में गंगाआहार निवासी सिकन्दर चन्द्रवंशी की पत्नी नेहा कुमारी ने मुखिया पद पर दावेदारी पेश कर जनसम्पर्क अभियान शुरू कर दिया। मुखिया उम्मीदवार नेहा कुमारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षो से पंचायत का विकास का रुका हुआ है। कहा अगर जनता हमे एक बार मौका देती है तो जगदीशपुर पंचायत के महिलाओ के हक व अधिकार का लड़ाई लड़कर सबको सम्मान दिलाने का कार्य करूंगी। सिकन्दर चन्द्रवंशी ने बताया कि नेहा कुमारी के उम्मीदवारी से पंचायत वासियो में खुशी का लहर है। कहा लोगों का आपार जनसमर्थन मिल रहा है।

## 15 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने दिया धरना

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार बर्मन**



धरना में शामिल लोग

झारखंड/वनांचल आंदोलनकारी मोर्चा विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी द्वारा मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टेकोचंद महतो व संचालन रामजन्म राय ने किया। बतौर मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश संयोजक महमूद आलम शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग का गठन किया है। इसमें झारखंड आंदोलनकारियों को कई तरह के लाभ मिलने की संभावना है। सरकारी आंदोलनकारियों के हित के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है। धरना में प्रखंड के कई गांवों के बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल हुए। धरना के माध्यम से झारखंड आंदोलनकारी चिन्हित आयोग के अध्यक्ष को अंचलाधिकारी के माध्यम से 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांगों में झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सभी को न्यूनतम 30 हजार प्रतिमाह पेंशन देने, आंदोलनकारी परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, सरकारी बसों तथा रेलवे में पास उपलब्ध कराने, जीविकोपार्जन के लिए भूखंड आवंटित करने, मरणोपरांत राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि, आंदोलन नेतृत्वकर्ता की अनुशंसा पर आंदोलनकारियों को चिन्हित कर सभी को पेंशन का हक देने समेत अन्य मांगें शामिल है। धरना में रामजन्म राय, गिरजा साव, मो इबरार, हाजी सबी अंसारी, अमूल्यचंद्र पांडेय, मोहन तुरी, विजय प्रसाद स्वर्णकार, डिलो महतो, जगरनाथ महतो, सीताराम मुर्मू, रामेश्वर यादव, युसूफ अंसारी, अशोक साहू, दुलारचंद प्रसाद, नुनू गोपाल, बैजनाथ महतो, शमशेर खान, संजय कुमार, लुटन महतो, शमशुल हक, रामचंद्र प्रसाद, बिनोद बिहारी महतो समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे।

## विद्युत विभाग मुकदमा वापस ले अन्यथा आजसू पार्टी विद्युत विभाग के खिलाफ आन्दोलन करेगी : विकास राणा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



विकास राणा

आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागाँव विधानसभा प्रभारी श्री रोशनलाल चौधरी पर रामगढ़ ज़िला के पतरातू प्रखण्ड के विद्युत विभाग के द्वारा ट्रांसफार्मर उदघाटन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किये जाने की मैं घोर निंदा करता हूँ। आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव श्री रोशनलाल चौधरी के साथ 18 स्थानीय लोगों पर मुकदमा दर्ज करना स्थानीय विधायक के राजनीतिक दबाव के द्वारा किये गए कार्य को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी की ये ओछी राजनीति है। शास्त्री चौक, भुरकुंडा में आजसू पार्टी के महासचिव श्री रोशनलाल चौधरी के प्रयास से लगाया गया था। ट्रांसफार्मर दिलवाने में अगर स्थानीय विधायक का योगदान होता है तो आजसू के लोग वहाँ उदघाटन करने कतई नहीं जाते। आजसू पार्टी विकास की राजनीति करती है। आजसू पार्टी इस तरह की ओछी राजनीति नहीं करती है। आजसू पार्टी के हज़ारीबाग ज़िला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि सरकारी ट्रांसफार्मर में अपना पोस्टर चिपका देना या नाम के साथ सौजन्य से लिखवा देने को दण्डनीय अपराध नहीं मानती है। आजसू पार्टी के हजारीबाग ज़िला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि विद्युत विभाग ट्रांसफार्मर उदघाटन कर देने पर कनीय अभियंता के द्वारा आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी सहित 18 स्थानीय निर्दोष लोगों पर मुकदमा दर्ज करवा देना राजनीति से प्रेरित है। जल्द से जल्द विद्युत विभाग मुकदमा वापस ले अन्यथा आजसू पार्टी विद्युत विभाग के खिलाफ आन्दोलन करेगी। आजसू पार्टी के हजारीबाग ज़िला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि कल 06 अक्टूबर 2021 को पतरातू प्रखण्ड के विद्युत विभाग कार्यालय के समक्ष आजसू पार्टी विशाल धरना देगी।

## हजारीबाग मीठा तालाब के विस्थापित सब्जी विक्रेताओ ने विधायक अंबा प्रसाद से मांगी मदद

### हजारीबाग मीठा तालाब के विस्थापित सब्जी विक्रेताओ ने विधायक अंबा प्रसाद से मांगी मदद

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



सब्जी विक्रेताओं के साथ अंबा प्रसाद

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से दिन मंगलवार को हजारीबाग शहर के बीचो बीच मीठा तालाब के समीप लगने वाले सब्जी बाजार के विक्रेताओं ने मुलाकात कर मदद मांगी । वेंडर मार्केट का निर्माण कार्य शुरू होने के कारण विस्थापित हुए सब्जी विक्रेताओं ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से सब्जी बेचने के लिए वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया । सब्जी विक्रेताओं के आग्रह पर बड़कागांव विधायक मीठा तालाब पहुंचकर लोगों से मुलाकात किया मीठा तालाब कालीबाड़ी मंदिर के समीप पहुंचने पर सब्जी विक्रेताओं ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि गरीब किसान एवं अति सुदूरवर्ती क्षेत्र से गरीब महिलाएं हजारीबाग आकर सब्जी बेचकर अपना परिवार का पालन पोषण करते हैं, शहर के बीचो बीच बाजार उपलब्ध होने के कारण सुबह-सुबह सारा सब्जी बिक जाता है परंतु हमें यहां से हटाने पर सही बाजार उपलब्ध नहीं होगा, जिस कारण हमारे परिवार का भरण पोषण करने में काफी दिक्कत होगी इसीलिए शहर के बीचो बीच ही कहीं निर्माण कार्य पूर्ण होने तक वैकल्पिक बाजार की व्यवस्था कराने हेतु निवेदन कियााा बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने सब्जी विक्रेताओं को वैकल्पिक बाजार उपलब्ध कराने तथा किसान संघ के मांगों पर सब्जी विक्रेताओं के प्रतिनिधि के संग नगर आयुक्त सुश्री गरिमा सिंह से मुलाकात कियाद्य अंबा प्रसाद ने किसानों की समस्याओं पर नगर आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द से जल्द शहर के बीचोबीच जहां सब्जी विक्रेताओं को सुगम बाजार उपलब्ध हो वैसे जगह का चयन कर सब्जी विक्रेताओं के हित में कार्य करने हेतु बात कही उन्होंने नगर आयुक्त गरिमा मिश्रा से जिला कंट्रोल रूम के समीप खाली पड़े मैदान पर वैकल्पिक बाजार बनाने की मांग की है जिस पर नगर आयुक्त ने सहमति प्रदान करते हुए कल से सब्जी बेचने की अनुमति दी है

## विष्णुगढ़ फुटबॉल क्लब द्वारा विष्णुगढ़ में सात दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार बर्मन**



खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण

विष्णुगढ़ फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित सात दिवसीय फुटब०ल टूर्नामेंट का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में मुख्य अतिथि जाधन प्रसाद, विष्णुगढ़ मुखिया संजय प्रसाद कसेरा आदि ने फीता काटकर टूर्नामेंट की शुरूआत की। टूर्नामेंट का पहला मैच बंडा बाजार बनाम बरवाडीह की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में दोनो पालियों में कोई भी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। मैच रेफरी के निर्णयानुसार पेनाल्टी शूटआउट से फैसला कराया जाना तय किया गया। जिसमें बंडा बाजार की टीम 7-6 से विजयी रही। टूर्नामेंट का दूसरा मैच विन्दपुर बनाम कसवागढ़ा की टीमों के बीच खेला गया। पहले पाली में कसवागढ़ा की टीम ने गोविन्दपुर से 1-0 से बढ़त ले ली। अंतिम पाली तक गोविन्दपुर की टीम मैच को अपनी झोली में करने को लेकर प्रयास करती रही, पर उन्हें सफलता नहीं मिली। कसवागढ़ा की टीम को विजेता घोषित किया गया। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही है। मैच लगातार सात दिनों तक चलेगा। बुधवार को दो मैच खेले जाएंगे। जिसमें मड़मो बनाम करमाटांड तथा बगोदर बनाम बरहमोरिया की टीमें शामिल होंगी। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बीडीओ संजय कुमार कोंगारी तथा थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने सभी टीमों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन में मो अली, राहुल कुमार, रोहित राम, अनिल, अवधेश सोनी, किशुन महतो, रेफरी भुनेश्वर गोप, विक्रांत आदि की अहम भूमिका रही।

अपेम लाइव न्यूज में विज्ञापन के लिए
संपर्क करें :- सोनू पंडित, मो0 9550809864

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी